# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–09.03.2025 (संध्या–1900 बजे)
## मुख्य समाचार

1. कांग्रेस प्रदेश प्रभारी ने अपने कार्यकर्ताओं पर लगाया आरोप, कहा– भाजपा के लिए स्लीपर सेल की तरह काम करते हैं कई कांग्रेसी, भाजपा के वरिष्ठ नेता सीपी सिंह ने कहा– कांग्रेस में पार्टी की दहशत।
2. हजारीबाग में एनटीपीसी के पदाधिकारी कुमार गौरव हत्याकांड पर एसआईटी का गठन, डीजीपी ने घटना की समीक्षा की।
3. खूंटी जिले में पीएलएफआई के पांच उग्रवादी हथियार के साथ गिरफ्तार, चाईबासा में 3 किलो का आईईडी बरामद, किया गया डिफ्यूज।
4. 15वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप, झारखण्ड ने आज क्वार्टर फाइनल मैच में मध्यप्रदेश को 3–1 गोल से पराजित कर सेमीफाइनल किया प्रवेश।
5. दुबई में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी का खिताबी मुकाबला न्यूजीलैंड ने भारत के सामने रखा 252 रनों का लक्ष्य।

समाचार विस्तार से

******************

झारखण्ड कांग्रेस प्रभारी के राजू ने **अपने कुछ कार्यकर्ताओं पर भाजपा के लिए काम करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि** वैसे नेताओं की पहचान कर पार्टी उनके विरुद्ध कार्रवाई करेगी। दुमका परिसदन में संवाददाताओं से बात करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसी शिकायतें भी हैं कि झारखंड में कुछ लोग पार्टी मे रहते हुए भाजपा को समर्थन दे रहे हैं। श्री राजू ने कहा कि पार्टी नेता राहुल गांधी ने एक दिन पहले अहमदाबाद में कांग्रेस वर्कर्स मीटिंग में जो कुछ भी कहा है, वह झारखण्ड में भी लागू होता है।

******************

झारखण्ड कांग्रेस प्रभारी के राजू के भाजपा के समर्थन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के काम करने के बयान पर भाजपा के वरिष्ठ नेता और रांची विधायक सीपी सिंह ने कड़ी टिप्पणी व्यक्त की है उन्होंने इसे कांग्रेस के अंदर पार्टी की दहशत बताई ।

******************

हजारीबाग में एनटीपीसी के पदाधिकारी कुमार गौरव हत्याकांड के उद्भेदन को लेकर एसडीपीओ अमित कुमार के नेतृत्व में एसआईटी गठित की गई। एसपी अरविंद कुमार सिंह ने इसकी जानकारी दी । उन्होंने बताया है कि घटना के बाद मृतक के परिजनों और एनटीपीसी के पदाधिकारी तथा कर्मियों ने मृतक का किसी भी व्यक्ति से पूर्व में कोई विवाद नहीं होने की बात और किसी भी प्रकार की धमकी मिलने की बात की पुष्टि नहीं हुई है। इसे लेकर बोकारो प्रक्षेत्र के आईजी ने एसआईटी के साथ बैठक भी की, साथ ही कई निर्देश दिए गए।. रांची में डीजीपी झारखंड अनुराग गुप्ता ने घटना की समीक्षा की ।

******************

ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने कहा है कि राज्य की विधि– व्यवस्था के प्रति सरकार गंभीर है। दुमका में संवाददाताओं से बात करते हुए उन्होंने हजारीबाग में एनटीपीसी के डीजीएम की हत्या पर चिंता जताते हुए ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

******************

विधानसभा अध्यक्ष रवीन्द्र नाथ महतो ने कहा है कि शिक्षा से ही विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास संभव है। उन्होंने युवाओं की नैतिक शिक्षा पर बल दिया। ये बातें उन्होंने रामगढ़ में राधा गोविंद विश्वविद्यालय के पहले दीक्षांत समारोह में अपने संबोधन में कहीं। दीक्षांत समारोह में 1 हजार 150 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की गई जिसमें 64 विश्वविद्यालय टॉपर रहे।

******************

संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण कल से शुरू होगा और ये 4 अप्रैल तक चलेगा। इस दौरान सदन की 20 बैठकें होंगी ।

*****************

खूंटी पुलिस ने प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीएलएफआई के पांच नक्सलियों को हथियार और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। एएसपी क्रिस्टोफर केरकेट्टा ने प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि गिरफ्तार नक्सली किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की योजना बना रहे थे ।

इधर चाईबासा पुलिस और सीआरपीएफ द्वारा संचालित नक्सल विरोधी अभियान में बड़ी सफलता हाथ लगी है। टोंटो थानान्तर्गत वनग्राम जीमकीइकिर के पास जंगल क्षेत्र से तीन किलों का आईइडी बरामद किया गया जिसे उसी स्थान पर विनिष्ट किया गया।

*****************

रांची पुलिस ने लोअर बाजार थाना क्षेत्र से तीन अफीम तस्करों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया है। सिटी डीएसपी के वी रमन ने बताया कि इनके द्वारा खूंटी से चतरा अफीम पहुंचाने की तैयारी थी।

*****************

बोकारो जिले में दाखिल खारिज और भूमि ऑनलाइन त्रुटि के हजारों मामले लंबित है। जिसे लेकर अपर समाहर्ता ने सभी अंचलाधिकारी को इसके जल्द निराकरण का निर्देश दिया है। विस्तृत ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

*****************

मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान सरायकेला 35 दशमलव 7 डिग्री और सबसे कम तापमान खूंटी में 9 दशमलव 5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

*****************

पंचकुला हरियाणा में आयोजित 15वीं हॉकी इंडिया सीनियर राष्ट्रीय महिला हॉकी चैंपियनशिप में झारखंड ने अपने क्वार्टर फाइनल मैच में मध्यप्रदेश को 3.–1 गोल से पराजित कर सेमीफाइनल में जगह बनाई है । इधर 20वीं राष्ट्रीय यूथ एथलेटिक्स चैम्पियनशिप के लिए 15 सदस्यीय टीम पटना रवाना हो गई। जूनियर राष्ट्रीय एथलेटिक्स पदक विजेता साकेत मिंज झारखंड टीम के कप्तान होंगे

*****************

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का खिताबी मुकाबला दुबई में भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेला जा रहा है। न्यूजीलैंड ने भारत के सामने जीत के लिए दो सौ बावन रनों का लक्ष्य रखा है ।

*****************

**कुछ संक्षिप्त खबरें**

- देवघर के सुल्तानगंज रोड के किनारे मोहनपुर अंचल स्थित खिजुरिया मौजा के दाग नंबर 61 स्थित जंगल–झाड़ी सरकारी भूमि पर अतिक्रमण से संबंधित 125 लोगों को अंतिम नोटिस किया गया है.।
- लोहरदगा में जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से आज सविल कोर्ट परिसर के सभागार में एक दिवसीय सेमिनार सह मातृ शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- उत्कलीय ब्राह्मण समाज सरायकेला की ओर से श्री जगन्नाथ मंदिर में आज व्रतोपनयन संस्कार समारोह का आयोजन किया गया।

***************